
बृहस्पतिवार
02 जून 2022



पृष्ठ 4
अंगूर खाने से फुर्तीला रहता है शरीर



पृष्ठ 5
बायोपिक में वीर सावरकर का किरदार निभाएंगे रणदीप हुड्डा



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 121
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

मुस्कान थके हुए के लिए विश्राम है, उदास के लिए दिन का प्रकाश है तथा कष्ट के लिए प्रकृति का सर्वोत्तम उपहार है।
अज्ञात

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## भाजपा के आठ साल बेमिसाल

विशेष संवाददाता

हल्द्वानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और समाज को नई दिशा मिली है। विश्व राष्ट्रों में भारत का सम्मान बढ़ा है। केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचा है। जिससे गरीबों का जीवन आसान हुआ है।

आज हल्द्वानी के सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने अनेक ऐसे काम किए हैं जिनके बारे में कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने और पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत को एक सशक्त राष्ट्र और उभरती हुई बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में देख रहा है। प्रधानमंत्री ने देश का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो सम्मान बढ़ाया है वह असाधारण है।



❑सीएम धामी ने गिनाई केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां
❑उत्तराखंड के विकास को मिली नई रफ्तार
❑गरीब कल्याण योजनाओं से गरीबों को मिली मदद

उन्होंने कोरोना काल में देश के लोगों को मिली सरकारी मदद का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीबों तक मुफ्त राशन पहुंचाने और सभी को मुफ्त कोरोना का टीका उपलब्ध कराना कोई साधारण काम नहीं था। इस दौरान देश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में बड़ा सुधार आया है। देश के गरीब परिवारों के कल्याण के लिए चलाई जाने वाले तमाम योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले सरकारी योजनाओं का पैसा बिचौलिए हड़प लेते थे और अब यह पूरा पैसा गरीबों के खाते में जाता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री के उत्तराखंड प्रेम का आभार जताते हुए कहा कि चार

◀◀ शेष पृष्ठ ८ पर

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम को दिखाए काले झंडे, गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आज हल्द्वानी दौरे के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। यूथ कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रहे युवाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आईएसबीटी के निर्माण और स्टेडियम को जल्द शुरू करने तथा सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री धामी को काले झंडे दिखाने की कोशिश की। पुलिस द्वारा रोके जाने पर उनकी पुलिस कर्मियों से झड़पें भी हुई। पुलिस प्रदर्शनकारी युवकों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

## सोनप्रयाग बाजार अनिश्चित काल को बंद

●यात्रियों को वापस लौटाने का विरोध
●नुकसान से व्यापारियों में भारी रोष
●व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग

विशेष संवाददाता

सोनप्रयाग। केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को वापस लौटाए जाने से सोनप्रयाग के व्यापारियों में भारी आक्रोश है। सरकार की नीतियों और अव्यवस्थाओं से परेशान व्यापारियों द्वारा आज सोनप्रयाग बाजार पूरी तरह बंद रखा गया। व्यापारियों का कहना है कि अव्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जाता है तो वह बाजार नहीं खोलेंगे।

सोनप्रयाग केदारनाथ यात्रा का पहला और मुख्य पड़ाव है। व्यापारियों का कहना है कि पंजीकरण के नाम पर हर रोज दो-तीन हजार यात्रियों को वापस लौटाया जा रहा है जिसके कारण उनके होटलों और अतिथि गृहों से बुकिंग कैंसिल हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि पार्किंग में अनाधिकृत रूप से बिना टेंडर के दो हजार बैंड लगा दिए गए हैं बाजार में जगह-जगह बैरिकेडिंग लगा दी गई है। यात्रियों को परेशान किया जा रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि एडीएम उखीमठ को इन समस्याओं से अवगत कराया गया है उनका कहना है कि दो साल बाद शुरू हुई यात्रा में इस कदर अव्यवस्थाएं है कि यात्रियों को यह पता नहीं है कि उन्हें क्या करना है और कैसे यात्रा पर जाना है। व्यापारियों का कहना है कि उनकी मांग है कि अगर व्यवस्थाओं को नहीं सुधारा जाता है तो वह बाजार नहीं खोलेंगे। व्यापार मंडल ने इस बंद को समर्थन देते हुए कहा है कि व्यापारियों को सरकार की गलत नीतियों के कारण भारी नुकसान हो रहा है। होटल और लॉज की बुकिंग कैंसिल हो रही है और यात्रियों को रजिस्ट्रेशन की जांच के नाम पर परेशान किया जा रहा है। उन्हें केदारनाथ जाने वा दर्शनों से रोका जा रहा है जो गलत है। सरकार को व्यापारियों की समस्याओं पर गौर करना चाहिए।

## कश्मीर में टारगेट किलिंग: आतंकियों ने ड्यूटी पर तैनात हिन्दू बैंक मैनेजर को मारी गोली

जम्मू । कश्मीर घाटी से ४८ घंटे के अंदर टारगेट किलिंग का दूसरा मामला सामने आया है। एक बार फिर आतंकियों द्वारा हिन्दू को निशाना बनाया गया है। आज आतंकियों ने कुलगाम में एक बैंक मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक बैंक मैनेजर विजय कुमार राजस्थान के रहने वाले थे। इससे पहले आतंकियों ने सांबा जिले में हिन्दू महिला टीचर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। विजय कुमार कुलगाम के मोहनपोरा में इलाकी देहाती बैंक मे तैनात थे। आज सुबह आतंकी बैंक में घुसे और बैंक मैनेजर पर फायरिंग कर दी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। घाटी में आतंकी लगातार हिन्दू नागरिक और सरकारी कर्मचारियों को अपनी गोली का निशाना बना रहे हैं। हाल ही में हिन्दू टीचर और कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट की हत्या को लेकर कश्मीर में विरोध प्रदर्शन हुए। घाटी में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमले को लेकर लोगों में भय का माहौल है।



## बीते एक दिन में कोरोना के 3 हज़ार से ज्यादा मामले दर्ज, एक्टिव केस 20 हज़ार के करीब

नई दिल्ली । भारत में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामलों में उछाल देखा गया है। बीते एक दिन में कोरोना के ३ हज़ार से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। हालांकि मौत के आंकड़े में बीते कल के मुकाबले एक केस की कमी दर्ज हुई है। इसके साथ ही देश में एक बार फिर एक्टिव केस की संख्या २० हज़ार के करीब पहुंच गयी है।




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में एक दिन में कोरोना के ३ हज़ार ७१२ नए केस दर्ज हुए हैं, जो बीते कल के मुकाबले ६६७ केस ज्यादा है। वहीं इस दौरान ५ मरीजों की मौत हुई, जो कल के मुकाबले एक कम है। संतोषजनक है कि देश में कोरोना से होने वाली मौत की संख्या बेहद कम हो गयी है। देश में एक दिन में २,५८४ मरीज कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके है। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या भी बढ़कर १६,५०६ पर पहुंच

यूनियन हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, देश में कुल कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर ४,३१,६४,५४४ हो गई है और अब तक कुल ५,२४,६४१ कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो गई है। एक्टिव मामलों की संख्या १६,५०६ है। एक्टिव केस कुल संक्रमण का ०.०५ फीसदी हो गए हैं। डेली पॉजिटिविटी रेट ०.८४ फीसदी है। देश में अब तक कुल ४,२६,२०,३९४ संक्रमित मरीज ठीक हो चुके हैं। सरकार कोरोना वायरस पर काबू पाने के लिए वैक्सीनेशन पर जोर दे रही है। अब तक वैक्सीनेशन का आंकड़ा १,९३,७०,५१,१०४ पहुंच गया है। वहीं पिछले २४ घंटे में १२,४४,२९८ डोज लगाई गई है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## खुद को तलाश करती कांग्रेस

देश की 137 साल पुरानी राजनीतिक पार्टी नेशनल कांग्रेस जिसने छह दशक तक देश की जनता पर एकछत्र राज किया वर्तमान दौर में खुद की तलाश में भटक रही है। कांग्रेस के नए और पुराने सभी नेता जो अभी भी कांग्रेस का हिस्सा है अपने स्वर्णिम दिनों को वापस लाने की उम्मीद लेकर चिंतन मंथन में जुटे हुए हैं। उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि इतनी तेजी से सब कुछ हवा हो गया। पुराने सभी साथी संगी यह कहकर साथ छोड़ कर चले गए कि कांग्रेस अब वह पहले वाली कांग्रेस नहीं रह गई है वहीं जो नए चेहरे हैं या थे वह यह सोचकर किनारा करते जा रहे हैं कि कांग्रेस में उनका कोई राजनीतिक भविष्य नहीं हो सकता है। अभी राजस्थान के जोधपुर में कांग्रेस ने अपने वर्तमान के इसी हालात पर चिंतन मंथन के लिए नव संकल्प शिविर का आयोजन किया लेकिन इसमें तमाम विमर्शों के बीच भी पार्टी के नेता अधोपतन के मूल कारणों से मुंह चुराते ही दिखे। अब कांग्रेसी नेता राज्य स्तर पर चिंतन शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। प्रियंका गांधी लखनऊ में इस पर चर्चा कर रही है तो प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव और पूर्व सीएम हरीश रावत देहरादून में व्यस्त हैं। अभी उत्तराखंड में चंपावत विधानसभा सीट पर जो उपचुनाव हुआ है उसका परिणाम कल आएगा। लेकिन चुनाव परिणाम से दो दिन पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला गहतोड़ी ने क्या कहा है वह काबिले गौर है। सीएम धामी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली गहतोड़ी कहती है कि यह चुनाव कांग्रेस ने नहीं उन्होंने अकेले ही लड़ा है। उनके पास या साथ अगर कांग्रेस का कुछ था तो वह सिर्फ सिंबल था, इसके अलावा कुछ नहीं था। पार्टी के उन तमाम नेताओं को उनका यह बयान बेनकाब करता है जो धामी के खिलाफ पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने की बातें करते थे। मतदान वाले दिन कांग्रेस के पोलिंग एजेंट तक बूथों पर नहीं थे। उनका कहना है कि हरीश रावत ने जो जनसभा की थी उसका पूरा इंतजाम तक उन्हें खुद करना पड़ा था। अभी मार्च 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में हार के बाद यह मुद्दा चर्चाओं के केंद्र में रहा था कि पार्टी ने चुनाव खर्च के लिए जो पैसा भेजा था उसे कुछ नेताओं ने बंदरबांट कर लिया। क्या यही है आज की कांग्रेस और उसके नेता। सवाल यह है कि यह कांग्रेसी किस पर चिंतन मंथन कर रहे हैं और उनके नव संकल्पों के क्या मायने हैं सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें कर लेने और कार्यक्रमों के आयोजनों से ही वह कांग्रेस का स्वर्णिम काल वापस लाने का सपना देख रहे हैं। जिस पार्टी के नेताओं के लिए राजनीति का मतलब एक दूसरे को नीचा दिखाना रह गया हो या उनके निजी स्वार्थ ही राजनीति बन गई हो उस पार्टी का कोई भला क्या कर सकता है। कांग्रेसी भाजपा और उसके नेताओं को अपने वर्तमान हालत के लिए जिम्मेवार मानते हैं और उन्हें पानी पी पीकर कोसते हैं उन्हें यह कभी क्या समझ आ सकेगा कि पार्टी की दुर्दशा के लिए वह खुद ही जिम्मेदार हैं।

## कार की टक्कर से बाईक सवार घायल

देहरादून (सं)। कार की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नत्थुवाला निवासी शांति प्रसाद तिवारी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा अपनी मोटरसाईकिल से घर की तरफ आ रहा था जब वह धूलकोट के जंगल में पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसको टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली से बेहद खफ़ा है जिप सदस्य मर्तोलिया

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली से बेहद खफ़ा है। उन्होंने कहा कि अवैध स्नूकर सेंटरों से पुलिस अवैध वसूली कर रही है, इसलिए इन्हें बंद नहीं करना चाहती है।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि बीते दिनों उनके द्वारा पुलिस थाने में अवैध स्नूकर सेंटरों को बंद करने के लिए धरना प्रदर्शन किया गया था। उस समय तैनात थानाध्यक्ष गिरीश चंद्र ने आश्वासन दिया था कि उपजिला मजिस्ट्रेट को पत्र भेजा जाएगा। मजिस्ट्रेट की अनुमति से जो स्नूकर सेंटर अपनी कानूनी वैधता साबित नहीं कर पायेगा, उसे सील कर दिया जाएगा।

इस आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया था। मर्तोलिया का आरोप है कि पुलिस अपने वायदे से मुकर गई है। थानाध्यक्ष उन्हें जिला पंचायत पिथौरागढ़ की वार्षिक कर की पर्ची दिखाकर अवैध स्नूकर सेंटरों के पक्ष में माहौल बना रहे है। उन्होंने कहा कि पुलिस को सर स्नूकर सेन्टर से प्रतिमाह अवैध आमदनी हो रही है। इसलिए वह इन्हें चलाने के लिए खुद ही तर्क दे रही है। मर्तोलिया ने कहा कि पुलिस के अवैध संबंध पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर एक बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। उन्हेंने पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ को पत्र लिखकर कहा कि वे अपने गोपनीय सूत्रों से इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर पुलिस की जिम्मेदारी का संदेश दे।

## लघु व्यापार एसोसिएशन प्रदेश कार्यकारणी की बैठक का आयोजन

नगर संवाददाता

हरिद्वार। रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अध्यक्षता में न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन के प्रांगण में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ।

जिसमें समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के प्रस्ताव पर जिला व प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राजेंद्र पाल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं चलती फिरती रेड़ी पटरी फेरी के स्ट्रीट वेंडर्स को संगठित करने के लिए नई इकाई का गठन कर सुशांत कुमार बंगाली को अध्यक्ष नियुक्त किया, लघु व्यापार एसो. की ज्वालापुर इकाई का अध्यक्ष तस्लीम अहमद को नियुक्त किया और प्रदेश महासचिव पद पर रुड़की के विनोद कुमार को नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा माल्यार्पण कर संगठन की नई जिम्मेदारी का



निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में निर्वाह करन के लिए संकल्पित किया गया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी न होने के कारण सरकार की योजना के लाभ से वंचित रहते हैं, रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को और संगठित करने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जिला अध्यक्ष पद पर युवा लघु व्यापारी नेता राजेंद्र पाल को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा किं जून-जुलाई दो माह तक लघु व्यापार एसो. का और विस्तार करके सभी क्षेत्रों की इकाइयों में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर महासचिव मनोज मंडल, सदस्य जय भगवान, चुन्नू चौधरी, विजेंद्र सिंह, दलीप गुप्ता, सतपाल सिंह, मोहनलाल, धर्मपाल कश्यप, लाल चंद गुप्ता कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

## शराब की दुकान से लाखों की नगदी व शराब चोरी

संवाददाता

देहरादून। शराब की दुकान से लाखों की नगदी व महंगी शराब चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुर विहार बंजारावाला निवासी सुभाष जोशी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि नौका दौड़वाला , में उनकी अंग्रेजी विदेशी मदिरा की दुकान है 27 मई को वह अपनी शराब की दुकान बढ़ाकर घर चले गये थे । जिसमें उनकी उस दिन की बिक्री धनराशि रखी हुई थी सुबह नौ बजे के लगभग दुकान पर स्टाक मिलान हेतू एवम दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो जानकारी हुई कि उनकी उक्त दुकान से दिनभर की बिक्री कुछ राशि व मंहगी शराब व बीयर चोरों द्वारा चोरी की गयी जिससे हमें काफी हानि हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

महाँ अस्यध्वरस्य प्रकेतो न ऋते त्वदमृता मादयन्ते।
आ विश्वेभिः सरथं याहि देवैर्न्यग्ने होता प्रथमः सदेह।।
(ऋग्वेद ७—११—१)

हे परमेश्वर ! आप महान हैं। आप की उपासना में आनंद ही आनंद है। आप हिंसा रहित कर्मो को करने के लिए प्रेरित करते हैं। आप हमारे रथरूपी शरीर को भी प्रकाशित करें। जिस राष्ट्र में अहिंसा और सरलता का प्रचार करने वाले ना हो वहां भला श्रेष्ठ मनुष्य कैसे रह सकते हैं।

O God ! You are great. Worshipping you is bliss-ful. You inspire us to do non-violent deeds. You also illuminate our chariot-like body. How can noble human beings live in a nation where there are no people promoting non-vio-lence and simplicity.
(Rig Veda 7-11-1)

## घर बैठे कमाई के चक्कर में गंवाये एक लाख 80 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। घर बैठे कमाई करने के लालच में एक लाख अस्सी हजार रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएल रोड मठ मन्दिर के पास निवासी अमन कुमार ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह डीआईटी विश्वविद्यालय में छात्र हूं, मुझे ऑनलाइन घोटाला मिला है। 28 मई को उसके नंबर पर एक टेक्स्ट संदेश मिला कि उसका आवेदन कंपनी अंशकालिक नौकरी के लिए चुना गया है और आगे की प्रक्रिया के लिए संपर्क करने के लिए टेक्स्ट संदेश में एक व्हाट्सएप लिंक है व्हाट्सएप पर कनेक्ट होने के बाद उन्होंने मुझे बताया कि वे ईवी मॉल (इंडिया ब्रांच) के भर्तीकर्ता हैं उन्होंने उसको बताया कि मॉल अंशकालिक कर्मचारियों को काम पर रख सकता है जो घर से काम कर सकते हैं 300-10000 रुपये के दैनिक वेतन के साथ है। उन्होंने बताया कि उसका काम शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर ऑर्डर हथियाना और ऑनलाइन स्टोर्स को बिक्री बढ़ाने में मदद करना है। उन्होंने उसको बताया कि यह एक बिक्री कार्य है हर बार जब वह एक कार्य पूरा करता है तो उसको एक समान कमीशन आय प्राप्त होगी। अकाउंट एक्टिवेट होने के बाद उन्होंने उसको रजिस्टर करने और मॉल के लिए बिक्री उत्पन्न करने के लिए कहा और आपको कमीशन मिलेगा। उसने उनसे पहले 500 रुपये की छोटी राशि मिली और यह सफल रहा, लेकिन और जब उन्होंने टेलीग्राम पर नंबर के साथ एक ट्यूटर नियुक्त किया, तो उन्होंने उसको और जोड़ने के लिए कहा ताकि उसको और कमाई मिल सके। फिर 500 रुपये के साथ कोशिश की, उसके बाद उन्होंने उससे पूछा अतिरिक्त 500 रूपये जोड़ने के लिए। उसने उनसे कहा कि उसने बिक्री कार्य पूरा कर लिया है, लेकिन उसको राशि निकालने के लिए अतिरिक्त पैसे जोड़ने के लिए कहा है इसलिए उसने अतिरिक्त एक हजार दो सौ रूपये जोड़े लेकिन प्रक्रिया आगे बढ़ी और उसको उनके कारण 115220 रुपये का नुकसान हुआ। जिसके बाद उसके कमीशन सहित एक लाख अस्सी हजार 585 रूपये उनके पास चला गया और वह वापस नहीं कर रहे हैं। जिसके बाद उसको पता चला कि उस के साथ धोखाधडी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सोनिया गांधी हुई कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। सोनिया के साथ बैठक में शामिल कई अन्य नेता भी संक्रमित बताए गए हैं। सोनिया एक दिन पहले दिल्ली में पार्टी की ओर से आयोजित आजादी गौरव यात्रा के समापन समारोह में शामिल हुई थीं। कोरोना से संक्रमित होने के बाद अब अगले हफ्ते बुधवार को अखबार नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के मुख्यालय जाने को लेकर



संशय की स्थिति बन गई है। कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोनिया गांधी के कोरोना संक्रमित होने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी पिछले एक सप्ताह में बहुत सारे नेताओं, कार्यकर्ताओं से मिलीं जिनमें से कई साथी कोविड पॉजिटिव पाए गए। कल शाम से कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को थोड़ा बुखार और कोविड के लक्षण दिखे थे। आज टेस्ट कराने पर वो कोविड पॉजिटिव पाई गईं।

# राज्य में 1950 से रहने वालों को ही उत्तराखण्डवासी माना जायेः उक्रांद




संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के पूर्व केन्द्रीय संरक्षक डा0 शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि जो लोग 1950 से उत्तराखंड में रह रहे हैं उनको ही उत्तराखण्ड का मूल निवासी माना जाए।

आज यहां कचहरी रोड स्थित केन्द्रीय कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय संरक्षक डॉ शक्ति शैल कपरवाण ने उत्तराखंड सरकार उत्तराखंड के समस्त विधायकों से मांग की कि जून 2022 से आरंभ होने वाले विधानसभा सत्र में पहाड़ वासियों की संस्कृति पहचान ,परंपरा ,रीति रिवाज, संस्कार ,भाषा के संरक्षण और विकास के लिए कानून बनाए। डॉ कपरवाण ने उत्तराखंड सरकार पर आरोप लगाया कि उनकी पहाड़ विरोधी नीतियों के कारण उत्तराखंड देव भूमि प्राचीन हजारों तीर्थ स्थलों की उपेक्षा के कारण पहाड़वासियों के धार्मिक भावनाओं को बहुत बड़ा आघात लगा है। सरकार और उत्तराखंड के समस्त विधायकों से मांग करते हैं कि देवभूमि उत्तराखंड की रक्षा और विकास करे। देव भूमि में प्राचीन समय से मठ मंदिर ऋषियों की तप स्थली और सैकड़ों तीर्थ खंडर स्थिति में हैं या फिर वे नष्ट हो गए हैं, उनके जीर्णोद्धार और विकास के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य करे। डॉक्टर कपरवाण ने सरकार से यह भी मांग की उक्रांद वर्षों से यह मांग करता आ रहा है कि भारत के राष्ट्रपति द्वारा 1950 में मूल निवास के संदर्भ में जो अध्यादेश जारी किया था, उसको लागू किया जाए अर्थात जो लोग 1950 से उत्तराखंड में रह रहे हैं उनको ही उत्तराखण्ड का मूल निवासी माना जाए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि उत्तराखंड की विकास की नीति मूल निवासियों को और पहाड़ को केंद्रीकृत करके बनाई जाए तथा सरकारी कार्यालय, विभागों, सरकार द्वारा पोषित गैर सरकारी विभागों में पहाड़ वासियों और उत्तराखंड के मूल निवासियों को ही नियुक्तियां दी जाए ,ताकि उत्तराखंड में बेरोजगारी की दर को घटाया जा सके .उत्तराखंड के सेवायोजन कार्यालयों में उत्तराखंड के मूल निवासी बेरोजगारों का पंजीकरण अनिवार्य किया जाए ताकि पंजीकृत बेरोजगारों को ही उत्तराखंड में रोजगार दिए जा सकें। प्रेस वार्ता में सुनील ध्यानी, विजय बौडाई, जय प्रकाश उपाध्याय, शांति प्रसाद भट्ट, विपिन रावत,दीपक रावत, सुमिर डंगवाल आदि उपस्तिथ थे।

# राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकताः स्पीकर

संवाददाता

कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खडूडी ने कहा कि राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने गाड़ीघाट स्थित शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए स्टेडियम का निरीक्षण कियाद्य इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने पूरे स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया साथ ही खिलाड़ियों के हॉस्टल, बैडमिंटन कोर्ट सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी लीद्यइस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने तीरंदाजी में भी अपने हाथ आजमाए। वही खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेल कर खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की खिलाड़ियों और उनकी प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं। कमी है तो संसाधनों की।



खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं को दुरस्त करने के लिए वह कार्य करेंगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस स्टेडियम से विभिन्न खेलों में खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नेतृत्व कर चुके हैं जो कि कोटद्वारवासियों के लिए गौरव की बात है। स्टेडियम इनचार्ज ने बताया की स्टेडियम में वर्तमान में लगभग 200 बच्चे तीरंदाजी, एथलेटिक, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल सहित अन्य खेलो का प्रशिक्षण स्टेडियम में ले रहे हैं। इस दौरान स्टेडियम के कोचों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष से स्टेडियम के समीप लगे कूड़े के ढेर को हटवाए जाने, फेंसिंग करवाए जाने, फुटबॉल ग्राउंड का विस्तारीकरण कर 400 मीटर ट्रैक बनवाए जाने, रात को खेल अभ्यास के लिए स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने सहित अन्य समस्याओं के समाधान का भी आग्रह किया। बताया की विधान सभा अध्यक्ष ने स्टेडियम के बाहरी परिसर का जायजा भी लिया एवं समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दीया।

इस अवसर पर प्रभारी उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, नायब तहसीलदार, स्टेडियम इंचार्ज संदीप डूकलान, महेश्वर नेगी, श्याम सिंह, सुधीर नेगी, महेंद्र सिंह, डबल सिंह, वरुण भट्ट, बसंत बिष्ट, मानसिंह, अक्षत कुकरेती सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने भानियावाला फ्लाई ओवर के पास एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ।

पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 200 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम अमर जाटव पुत्र मनोज कुमार जाटव निवासी जाटव बस्ती बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

## स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्लेमनटाउन पुलिस ने पीपलेश्वर मन्दिर के पास एक स्विफ्ट कार को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख कार सवार कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर रोक लिया।

पुलिस ने कार में सवार तीन लोगों को हिरासत में ले उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 18 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रतीक चौहान पुत्र किरनपाल, आवेश पुत्र मौसम दोनों निवासी छपरौली बागपत व राशिद चौधरी पुत्र अजीजुलहसन निवासी ग्राम असारा बागपत बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# न्यायालय के आदेश की अनुपालना कराने में नाकाम सरकार को बर्खास्त करो गवर्नर साहबः मोर्चा

नगर संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कहा कि सरकार द्वारा अक्टूबर 2015 के द्वारा निजी आयुष महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की फीस वृद्धि की थी, जिसके तहत फीस को 80 हजार से बढ़ाकर 2.15 लाख तथा 73,600 से बढ़ाकर 1.10 लाख कर दिया था। जिसको उच्च न्यायालय द्वारा जुलाई 2018 को अपास्त कर दिया गया था, जिसमें बढ़ी हुई फीस वापस लेने के निर्देश दिए गए थे तथा उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा अक्टूबर 2018 में सरकार द्वारा योजित विशेष अपील में पूर्ववर्ती आदेश को बरकरार रखा।

नेगी ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश का अनुपालन कराए जाने को लेकर शासन द्वारा कुलसचिव, उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय को पत्र प्रेषित कर अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन लगभग चार वर्ष से अधिक समय बीतने के उपरांत भी कुलसचिव द्वारा शासन के पत्रों पर



कोई कार्रवाई नहीं करा सके। यहां तक की शासन को कोई आख्या तक उपलब्ध नहीं कराई गई और न ही शासन अपने

### ❑आयुष विद्यालयों के छात्रों की फीस वृद्धि का है मामला

आदेशों की अनुपालना कराने में कामयाब हो सका। उन्होने कहा कि वर्ष 2019 में विधानसभा में भी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। मोर्चा द्वारा राजभवन से भी कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन राजभवन भी नाकाम साबित हुआ। नेगी ने हैरानी जताई कि चार वर्ष तक शासन के पत्रों का जवाब एवं कार्रवाई न करने के मामले में सरकार खामोश बैठी रही यानी सरकार ने निजी आयुष महाविद्यालयों के मालिकों के आगे घुटने टेक दिए।

नेगी ने कहा कि जब प्रदेश में न्यायालय व शासन के आदेशों पर ही कार्यवाही नहीं हो पा रही है तो सरकार का क्या औचित्य रह जाता है। इस गंभीर संकट के चलते राजभवन सरकार को क्यों बर्खास्त नहीं कर देता। मोर्चा सरकार की बर्खास्तगी को लेकर आंदोलन करेगा। पत्रकार वार्ता में दिलबाग सिंह, टीकाराम उनियाल व सुशील भारद्वाज मौजूद थे।

# 73 हजार की स्मैक सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 7.27 ग्राम स्मैक बरामद की है।




जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना पुरोला पुलिस व एसओजी यमुनावैली को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलिवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसओजी टीम ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान संयुक्त टीम को स्यूरी बैण्ड तिराहे नौगांव के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोक कर तलाशी ली तो उसके पास से 7.27 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम किशन ठाकुर पुत्र स्व. कविराज सिंह ठाकुर निवासी ढालीपुर ढकरानी विकासनगर बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। बरामद स्मैक की कीमत 73 हजार रूपये आंकी जा रही है।

# रिश्वत के बिना नेता कैसा ?

वेद प्रताप वैदिक

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वह काम कर दिखाया है, जो आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री नहीं कर सका। क्या आपने सुना है कि किसी मंत्री को उसके अपने मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त ही नहीं किया बल्कि गिरफ्तार करवा दिया? मुख्यमंत्री मान ने अपने स्वास्थ्य मंत्री डा. विजय सिंगला के खिलाफयह ऐसी सख्त कार्रवाई की है, जिसका अनुकरण देश के हर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को करना चाहिए। सिंगला और उसके ओएसडी प्रदीपकुमार को इसलिए गिरफ्तार किया गया कि उन दोनों ने किसी ठेकेदार से 2 प्रतिशत रिश्वत मांगी।

58 करोड़ रु. के काम में यह रिश्वत बनती है, 1 करोड़ 16 लाख रु.! ठेकेदार ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर दी। यह शिकायत 21 अप्रैल को की गई थी। मुख्यमंत्री ने इस मंत्री पर निगरानी बिठा दी। जब कल सिंगला को बुलाकर पूछताछ की गई तो उसने भगवंत मान के सामने रिश्वत की बात कबूल कर ली। प्रायरू रिश्वतखोर नेता ऐसी बातों को कबूल करने से मना करते हैं और उन्हें किसी बहाने के आधार पर मंत्रिपद से हटा दिया जाता है।

मुझे कई मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों ने कई बार अपने ऐसे मंत्रियों के गोपनीय किस्से बताए हैं लेकिन असली सवाल यह है कि देश में कौनसा ऐसा नेता है, जो यह दावा कर सके कि सत्ता में रहते हुए उसने कभी रिश्वत नहीं ली है? ये बात अलग है कि कई बार लोग कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत देने को मजबूर होते हैं और कई बार लोग रिश्वत को नजराने के तौर पर देते रहते हैं ताकि काम पडने पर उस रिश्वतखोर की मदद ली जा सके।

भारत की ही नहीं, सारी दुनिया की राजनीति का चरित्र ही ऐसा बन गया है कि रिश्वत के बिना उसका काम चल ही नहीं सकता। किस-किस देश के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों पर भ्रष्टाचार के मुकदमे नहीं चले हैं और कौन-कौन हैं, जिन्होंने जेल नहीं भुगती है? वे भाग्यशाली हैं, जो जेल जाने से बच गए हैं। लगभग डेढ़-दो हजार साल पहले च्नीतिशतकज् में महाराजा भर्तृहरि ने लिखा था कि च्नराजनीति वेश्या की तरह है। वह बहुरुपधरा है। वह जमकर खर्च करती है और उसमें नित्य धन बरसता रहता है।ज्ज् इसीलिए सिंगला की पकड़ाई पर मुझे आश्चर्य नहीं हुआ।

आश्चर्य तो इस बात पर है कि इसी तरह के आरोपों पर अन्य राज्यों और केंद्र में क्या हो रहा है? क्या हमारे सारे मंत्री और अफ्सर दूध के धुले हैं? नेता लोग जो रिश्वत लेते हैं, उसका बड़ा हिस्सा प्रायरू उनकी पार्टी के काम आ जाता है लेकिन उनकी देखादेखी जो अफ्सर रिश्वत खाते हैं, वे उसे पूरी तरह हजम कर जाते हैं। वे डकार भी नहीं लेते। झारखंड में अभी ऐसा ही एक मामला पकड़ा गया है।

अफ्सरों की रिश्वतखोरी के कई मामले अभी भी सामने आ रहे हैं लेकिन ये तो फूल-पत्ते भर हैं। भ्रष्टाचार की असली जड़ तो नेताओं में निहित है। यदि नेता ईमानदार हों तो किसी अफ्सर की क्या हिम्मत कि वह रिश्वत लेने की इच्छा भी करे। जिस नौजवान को राजनीति में आगे बढना है, उसे दो हथियार धारण करने जरुरी हैं। एक तो खुशामद और दूसरा रिश्वतखोरी! ये दोनों ही अत्यंत उच्च कोटि की कलाएं हैं।

# चिंता जताना काफी नहीं

अब यह कहना सिर्फ रस्म-अदायगी लगता है कि हमें बहुत कुछ करने की जरूरत है। दुनिया की सरकारें, बड़ी कंपनियां और धनी-मानी लोग अपने स्वार्थ और सुविधाओं पर समझौता करने को तैयार नहीं हैं।

यह बात तो अब दुनिया भर में कही जाने लगी है कि जलवायु परिवर्तन कोई भविष्य में आने वाला संकट नहीं है। बल्कि इसे हम अपने वर्तमान में होता देख रहे हैं। न सिर्फइसे होता देख रहे हैं, बल्कि इसके परिणामों को भी भुगत रहे हैँ। यही वजह है कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्लूएमओ) की हालिया रिपोर्ट ने दुनिया के जागरूक जन मानस का ध्यान खींचा है। इस रिपोर्ट के अनुसार इंसानों ने वातावरण को गर्मी रोकने वाली गैसों से इतना भर दिया है कि पृथ्वी की सेहत बिगड़ गई है। जंगलों को उजाडने और जीवाश्म ईंधन को जलाने की वजह से जलवायु पहले से ही ऐसी अनिश्चित स्थिति में जा चुकी है। ऐसी स्थिति मानव सभ्यता के इतिहास में पहले कभी नहीं देखी गई। ये बातें स्टेट ऑफद क्लाइमेट रिपोर्ट-२०21 में कही गई हैँ। २०21 में दुनिया में ग्रीनहाउस गैस की सघनता का रिकॉर्ड टूट गया। महासागरों में तापमान और अम्लीयता का स्तर काफी बढ़ गया।

आम तजुर्बा है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से तूफन और जंगल में लगने वाली आग की घटनाओं में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों को अपना घर-बार छोडक़र दूसरी जगहों पर विस्थापित होना पड़ रहा है। अब यह कहना सिर्फरस्म-अदायगी लगता है कि नुकसान बढ़ रहा है, इसलिए हमें बहुत कुछ करने की जरूरत है।

कुछ करने की जरूरत है, वैज्ञानिक कम से कम तीन दशक से यह बता रहे हैं। लेकिन दुनिया की सरकारें, बड़ी कंपनियां और धनी-मानी तबके अपने स्वार्थ और सुविधाओं पर समझौता करने को तैयार नहीं हैं। २०15 में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हुए पेरिस समझौते में दुनिया भर के देशों ने सदी के अंत तक धरती के तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बनाए रखने की कोशिश करने पर सहमति जताई थी। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्सर्जन में जितनी कटौती करनी होगी, इस दिशा में शायद ही किसी देश ने प्रभावी कदम उठाया है। आगे भी ऐसी उम्मीद नहीं जगती कि दुनिया अपने को बताने के लिए अब अधिक गंभीरता के साथ कदम उठाएगी। (आरएनएस)

# अंगूर खाने से फुर्तीला रहता है शरीर



अंगूर सारे भारत में आसानी से उपलब्ध फ्ल है। वहीं कई लोगों के पसंदीदा फ्लों में भी इसका नाम शामिल है। जी दरअसल इसमें विटामिन-सी तथा ग्लूकोज पयाप्त मात्रा में पाया जाता है और यह शरीर में खून की वृद्धि करता है और कमजोरी दूर करता है। जी हाँ और यही कारण है कि डॉक्टर लोग मरीजों को फ्लों में अंगूर भी खाने की सलाह देते हैं। आपको बता दें कि प्रत्येक १०० ग्राम अंगूर में लगभग 85.5 ग्राम पानी, १०.2 ग्राम कार्बोहाइड्रेट्स, ०.8 ग्राम प्रोटीन, ०.1 ग्राम वसा, ०.०3 ग्राम कैल्शियम, ०.०2 ग्राम फास्फोरस, ०.4 मिलीग्राम आयरन, 5० मिलीग्राम विटामिन-बी, 1० मिलीग्राम विटामिन-सी, 8.4 मिलीग्राम विटामिन-पी, 15 यूनिट विटामिन-ए, 1०० से 6०० मिलीग्राम टैनिन, ०.41-०.72 ग्राम टार्टरिक अम्ल पाया जाता है।

जी हाँ और इसके अतिरिक्त सोडियम क्लोराँइड, पोटेशियम क्लोराँइड, पोटेशियम सल्फेट, मैग्निशियम तथा एल्युमिन जैसे महत्वपूर्ण तत्व भी इसमें भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। अंगूर में पाई जाने वाली शर्करा पूरी तरह से ग्लूकोज से बनी होती है, जो कुछ किस्मों में 11 से 12 प्रतिशत तक होती है और कुछ में 5० प्रतिशत। जी दरअसल यह शर्करा शरीर में पहुंचकर एनर्जी प्रदान करती है। आपको बता दें कि अंगूर का सेवन थकान को दूर कर शरीर को चुस्त-पुर्त व मजबूत बनाता है। अब हम बताते हैं अंगूर के फायदे।

अंगूर में क्षारीय तत्व बढ़ाने की अच्छी क्षमता के कारण ही शरीर में यूरिक एसिड की अधिकता, मोटापा, जोड़ों का दर्द, रक्त का थक्का जमना, दमा, नाड़ी की समस्या व त्वचा पर लाल चकत्ते उभरने आदि स्थितियों में इसका सेवन लाभकारी होता है।

अंगूर का सेवन, आंत, लीवर व पचान संबंधी अन्य रोगों, मुंह में कड़वापन रहना, खून की उल्टी होना, गुर्दे की कार्यक्षमता में कमी, कब्जियत, मूत्र की बामारी, अतिसार कृमि रोग, टीबी (क्षय रोग), अम्ल-पित्त, गुल्म रोग (गांठ) और ग्रहणी आदि रोगों में विशेष लाभकारी होता है।

अगर किसी ने धतूरा खा लिया हो, तो उसे अंगूर का सिरका दूध में मिलाकर पिलाने से काफी लाभ होता है। अंगूर मियादी बुखार, मानसिक परेशानी, पाचन की गड़बड़ी आदि में असरदार है।

अंगूर में एक विशेष गुण यह भी पाया जाता है कि यह शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को आसानी से शरीर से बाहर निकाल देता है।

अंगूर के रस को कलई के बर्तन में पकाकर गाढ़ा करके सोते समय आंखों में लगाने से जाला, फूला आदि नेत्र रोगों दूर हो जाते हैं। जिन महिलाओं को पर्याप्त दूध न उतरता हो, उनके लिए भी इसका सेवन फायदेमंद है।(आरएनएस)

# घर के कांच में लगे हैं दाग तो इन घरेलू नुस्खों से करें साफ़

हमेशा देखा गया है कि हम घर में सफाई के दौरान फर्नीचर, फर्श, पर्दे, चादर आदि को तो साफकर देते हैं हालाँकि घर के कोने में पड़े आईने को भूल जाते हैं। ऐसे में जब कभी इन्हें साफकरने की बात आती है तो सफाई के बाद भी आईने पर दाग धब्बे पूरी तरह नहीं जाते। जी हाँ और दाग धब्बेदार आईने के चलते चेहरा भी साफनहीं दिखता और हम परेशान होकर इन्हें साफकरना ही छोड़ देते हैं। वहीं आप कई बार बाजार में मिलने वाले मिरर क्लीनर का इस्तेमाल करते होंगे जो काफी महंगा होता है। वैसे अगर आप आईने को साफरखने के बारे में सोच रहे हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं जिनके बारे में हम आपको बताने है रहे हैं।

कागज का करें इस्तेमाल- अगर आप आईने का साफकरने के लिए कपड़े की बजाय कागज का इस्तेमाल करें तो इससे शीशे पर जमी नमी को आसानी से हटाया जा सकता है।

टेलकम पाउडर- टेलकम पाउडर की मदद से भी आप आईने को बेहतर तरीके से चमका सकते हैं। जी हाँ और इसके इस्तेमाल से आईने पर दाग नहीं होता। इसको इस्तेमाल करने के लिए आप आईने पर थोड़ी देर के लिए टेलकम पाउडर को छिडक़कर छोड़ दें और फिर बिना छुए डस्टर से साफकर दें।


व्हाइट वेनेगर का इस्तेमाल- अगर दाग गहरा है तो आप गुनगुने पानी में एक चम्मच व्हाइट वेनेगर डालकर मिलाएं और स्प्रे बॉटल में रखें। उसके बाद इससे शीशे पर स्प्रे करें और फिर कागज से शीशा साफ कर दें।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -089

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# पीरियड ड्रामा फिल्म 1947 अगस्त 16 लेकर आ रहे निर्देशक मुरुगादॉस

गजनी के निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस पीरियड ड्रामा 1947 अगस्त 16 का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म में तमिल अभिनेता गौतम कार्तिक और नवोदित रेवती हैं। मुरुगादॉस के लंबे समय के सहयोगी निर्देशक एन.एस. पोनकुमार भी फिल्म के साथ जुड़े हुए हैं। फिल्म एक दूरदराज के गांव की कहानी बताती है, जहां एक बहादुर व्यक्ति भारतीय स्वतंत्रता के दौरान ब्रिटिश सेना के खिलाफलड़ता है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, मुरुगादॉस ने एक बयान में कहा, 1947 अगस्त 16 एक महत्वाकांक्षी और ईमानदार कहानी है, जो मेरे सामने आई। यह एक महत्वपूर्ण और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसे बताने और सुनने की मांग तेजी से हो रही थी। एक बार देखने के बाद यह हमेशा आपके साथ रहेगी। अपनी फिल्म की दुनिया को समझाते हुए निर्देशक एन.एस. पोनकुमार ने कहा कि यह एक स्वतंत्रता संग्राम की कहानी नहीं है, बल्कि स्वतंत्रता क्या है? इसको समझाने वाले निर्दोष ग्रामीणों का एक समूह है। उनमें से एक नायक है, जो हमेशा आक्रामक और उग्र होता है। वहीं एक नायिका है, जो लोगों के समस्याओं से खुद को जोडक़र सोचती है। इसमें एक बुजुर्ग कपल भी है।

# इशिता दत्ता ने दृश्यम 2 के लिए गोवा में शूटिंग शुरू की

अजय देवगन, श्रिया सरन और तब्बू के साथ एक्ट्रेस इशिता दत्ता की फिल्म दृश्यम जहां सुपरहिट रही वहीं हम सभी को इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार था। खैर, दृश्यम 2 पहले से ही बन रहा है और हम शांत नहीं रह सकते। हम इसके पूरा होने और जल्द ही रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकते। इशिता दत्ता ने गोवा में अपने हिस्से की शूटिंग पहले ही शुरू कर दी है। अभिनेत्री ने शूटिंग शुरू कर दी और ऐसा लग रहा है कि वह फिल्म के सेट पर एक खुशहाल जगह पर हैं। दृश्यम 2 के बारे में बात करते हुए, इशिता कहती हैं, दृश्यम को जो प्रतिक्रिया मिली, वह आज भी मुझे आनंदित करती है। और सभी के साथ सेट पर शूटिंग पर वापस आना बहुत अच्छा लगता है, बहुत सारी यादें ताज़ा हो गई हैं। मैं इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। दृश्यम 2 बड़े पर्दे पर देखने के लिए एक साहसिक सवारी होने जा रही है।

# विक्रम वेधा, दाढ़ी के साथ ऋतिक रोशन ने शेयर की अपनी आखिरी पोस्ट

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन, जिन्होंने करण जौहर के जन्मदिन की पार्टी में रेड कार्पेट पर चलकर अभिनेत्री सबा आजाद के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक बना दिया था, ने अपनी दाढ़ी को कटवा दिया है जो उन्होंने विक्रम वेधा के लिए उगाई थी। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने ड्रेसिंग अप सत्र से एक मिरर सेल्फी साझा की। उन्होंने तस्वीर को कैप्शन दिया, पिछली रात, दाढ़ी के साथ आखिरी पोस्ट भी (एसआईसी) दिलचस्प बात यह है कि विक्रम वेधा में ऋतिक रोशन का लुक उनके पहले किए गए लुक से बहुत अलग है, और इस हालिया पोस्ट के साथ वॉर स्टार ने संकेत दिया कि फिल्म कैसे पूरी होने वाली है क्योंकि उन्होंने अपने लुक को अलविदा कह दिया है। ऋतिक जहां सबा का हाथ थामे रेड कार्पेट पर चले, वहीं उनकी एक्स वाइफसुजैन खान अपने बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी के साथ पार्टी में पहुंचीं।

# राजामौली ने जारी की ब्रह्मास्त्र के पहले गाने की झलक


आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली ने इससे पहले शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित फिल्म ब्रह्मास्त्र के पहले गाने कुमकुमला का एक वीडियो जारी किया। ये रहा हैश-टैग-ब्रह्मास्त्र से हैश-टैग-कुमकुमाला गाने का प्रोमो पार्ट वन। तेलुगु में पेश होने के लिए उत्साहित हूं। 9 सितंबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं, राजामौली ने आगामी मधुर गीत का पूर्वावलोकन साझा करते हुए लिखा। प्रीतम द्वारा रचित और सिड श्रीराम द्वारा गाया गया गीत सभी का ध्यान आकर्षित करता है। चंद्रबोस द्वारा लिखे गए गीत प्रभावशाली हैं। ब्रह्मास्त्र हाल की स्मृति में सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्मों में से एक है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित सामाजिक फंतासी फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट मुख्य जोड़ी के रूप में हैं। बहुभाषी ब्लॉकबस्टर 9 सितंबर, 2022 को दुनिया भर में रिलीज होगी। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# बायोपिक में वीर सावरकर का किरदार निभाएंगे रणदीप हुड्डा



विनायक दामोदर सावरकर की 139वीं जयंती के मौके पर पिछले शनिवार को आगामी बायोपिक स्वतंत्र वीर सावरकर का फर्स्ट लुक जारी किया गया। महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित फिल्म में रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्माता संदीप सिंह ने कहा, ऐसे समय में जब हर्षद मेहता, विजय माल्या और ललित मोदी की फिल्में चलन में हैं, मुझे वीर सावरकर के जीवन की कहानी बताने में अधिक दिलचस्पी है। वह भारत के पहले गतिशील नायक थे और एकमात्र व्यक्ति जो 1947 में विभाजन को बचा सकते थे।

उन्होंने आगे कहा, इस फिल्म के माध्यम से मैं न केवल एक फिल्म निर्माता के रूप में, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण रूप से एक भारतीय के रूप में सावरकर के संघर्ष के बारे में दुनिया को बताना चाहता हूं। वह सबसे गलत समझे जाने वाले नायक हैं और अब समय आ गया है कि हम उन्हें समझें, और इसके अलावा उन जैसे विद्रोही का जश्न मनाएं।

हुड्डा की कास्टिंग के बारे में संदीप को जो कहना था, उसे जोड़ते हुए सह-निर्माता आनंद पंडित ने बताया, रणदीप ने एक अभिनेता के रूप में अपने कौशल सेट को बार-बार दिखाया है और इसके अलावा, दिखाया है कि वह अपने द्वारा निभाए गए किरदार में खुद को बदल सकते हैं।

उन्होंने कहा, मैं इतिहास प्रेमी हूं और एक ऐसे नेता की कहानी को 70 मिमी तक लाने के लिए सिनेमाई विशेषाधिकार प्राप्त करने के लिए उत्साहित हूं, जिसकी कहानी बताई जानी चाहिए।

निर्देशक महेश मांजरेकर ने कहा, सावरकर के लिए लोगों के दिमाग में अलग-अलग संस्करण हो सकते हैं, लेकिन एक फिल्म निर्माता के रूप में मैं उसी विचार से मेल खाने की कोशिश कर रहा हूं जो सावरकर के पास था। इसलिए फिल्म में सावरकर का किरदार किसी भी तरह से अलग नहीं होगा। सावरकर प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी थे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें कोई भी भारतीय कभी नहीं भूले।

हुड्डा ने कहा, यह स्वतंत्रता और आत्म-साक्षात्कार के लिए भारत के संघर्ष के सबसे लंबे गुमनाम नायकों में से एक को सलाम है। मुझे आशा है कि मैं वास्तव में इतने बड़े क्रांतिकारी का किरदार निभाने की चुनौती पर खरा उतर सकता हूं और उनकी असली कहानी बता सकता हूं। इस कहानी को लंबे समय तक कालीन के नीचे दबा दिया गया था। फिल्म अगस्त 2022 में रिलीज होने जा रही है।

# कान में काया पलट के पोस्टर लॉन्च से रोमांचित हैं राहत काजमी, हेली शाह, तारिक

फिल्मकार राहत काजमी ने कान फिल्म महोत्सव में अपनी फिल्म काया पलट के पोस्टर लॉन्च पर अपनी खुशी जाहिर की।

फिल्म के बारे में बात करते हुए, राहत ने कहा- फिल्म की लॉन्चिंग बहुत अच्छी रही और हम लॉन्च से बहुत खुश हैं। फिल्म की शूटिंग जम्मू में की गई थी और यह नदी माफिया की सच्ची कहानी पर आधारित है।

कहानी में सस्पेंस और शक्तिशाली पात्र हैं। हम भारत के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक इनामुलहक को इसकी मेजबानी करने और हमेशा हमारा समर्थन करने के लिए आभारी हैं। हम फिल्म निर्माताओं के लिए कान फिल्म समारोह में हमें यह मंच प्रदान करने के लिए भारत पवेलियन और भारत सरकार के आभारी हैं।

हेली शाह ने कहा- काया पलट में मैं काया की भूमिका निभा रही हूं जो बहुत मजबूत और कमजोर है। उसके चरित्र में बहुत सारी परतें हैं क्योंकि वह अपने जीवन में बहुत कुछ देख चुकी है, वह अप्रत्याशित है और मैं काया की भूमिका निभाने में मजा आया।

उन्होंने कहा- इस फिल्म की वजह से मुझे जम्मू घुमने का मौका मिला। वे अद्भुत लोग हैं और उनके साथ काम करने वाली टीम है, यह कोलैबोरेशन मेरे लिए बहुत खास है।

निर्माता और अभिनेता तारिक खान ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला- कान फिल्म महोत्सव में हमारे फिल्म पोस्टर को लॉन्च करना बहुत अच्छा लगा। 2017 में हमारी फिल्म मंटोस्तान का प्रीमियर होने के बाद से कान हमेशा हमारे लिए बहुत खास रहा है। निर्माता और अभिनेता के रूप में कैमरे के सामने और पीछे रहना मुश्किल हो जाता है लेकिन आखिरकार आगे बढऩे के लिए आपको इस चुनौती को स्वीकार करना होगा और इसे पूरा करना होगा।

फिल्म राहत काजमी और शोएब निकाश शाह द्वारा लिखी गई है और राहत काजमी फिल्म स्टूडियो, तारिक खान फिल्म्स और तेरा एंटरटेनमेंट द्वारा जेबा साजिद फिल्म्स और अल्फा प्रोडक्शंस के सहयोग से निर्मित है।

फिल्म जल्द ही एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है जिसकी अभी घोषणा नहीं की गई है।

# एस्केप लाइव में अपने किरदार से कैसे जुड़ीं श्वेता त्रिपाठी

द गॉन गेम और मिर्जापुर जैसी फिल्मों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी शर्मा का कहना है कि वह सिद्धार्थ कुमार तिवारी की एस्केप लाइव में अपने किरदार से अच्छी तरह जुड़ी हैं।

श्वेता ने साझा किया कि वह अपनी ऑन-स्क्रीन भूमिका से कैसे जुड़ी है- सुनैना वह है जो बिना किसी एजेंडा के बिना शर्त समर्थन देती है और मै वास्तविक जीवन में ऐसी ही हूं, यह किरदार मेरे बहुत करीब है जिससे मुझे बहुत खुशी हुई है।

लेखक-निर्माता-निर्देशक के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, वह बताती हैं कि यह बहुत समृद्ध, संतोषजनक था।

वह आगे कहती हैं- मेरे लिए, यह न केवल मेरा काम है, बल्कि मैं जिस तरह के लोगों के साथ काम करती हूं, वह भी महत्वपूर्ण है। जब आप पूर्वाभ्यास, अभ्यास या वर्कशॉप कर रहे होते हैं, तो आप उन लोगों के साथ लगभग छह से 12 घंटे या उससे भी अधिक समय बिता रहे होते हैं, इसलिए उनका आप पर प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने कहा, इस सीरीज की शूटिंग के दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा है। सिद्धार्थ एक ऐसे व्यक्ति हैं जो मुझे प्रेरित करते हैं और मैं इसके लिए उनकी बहुत आभारी हूं।

एस्केप लाइव सोशल मीडिया पागलपन पर केंद्रित है और अभिनेत्री ने साझा किया कि उसने इसे करने के लिए सहमत होने से पहले दो बार नहीं सोचा था।

वह कहती हैं- एस्केप लाइव सोशल मीडिया पागलपन पर केंद्रित है और अभिनेत्री ने साझा किया कि उसने इसे करने के लिए सहमत होने से पहले दो बार नहीं सोचा था। यह एक फुल पैकेज है, खासकर यह देखते हुए कि सिद्धार्थ ने इसे कैसे शूट किया है। इस सीरीज में हर भाव है - हानि, क्रोध, दर्द, आशा, हर्षित नृत्य और मधुर संगीत भी है, मैं संगीत के बाहर आने का इंतजार नहीं कर सकती क्योंकि मैं इसे रील बनाना चाहती हूं,।

जब आप इतने सारे किरदार निभा रहे होते हैं तो यह भ्रमित करने वाला हो सकता है। मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से कहा जाए तो यह बहुत थका देने वाला होता है। इसलिए यह याद रखना बहुत महत्वपूर्ण है कि आप कौन हैं क्योंकि मुझे श्वेता से संपर्क नहीं खोना चाहिए। और मैं कौन हूं और कौन बनना चाहूंगी, इसके बहुत करीब है सुनैना।

श्वेता ने अंत में कहा- मेरे पास मेरे सभी पात्रों के लिए एक प्लेलिस्ट है क्योंकि यह मुझे उनकी दुनिया में ले जाती है और मैंने महसूस किया है कि जब भी मैं सुनैना की प्लेलिस्ट सुनती हूं तो यह हमेशा मेरा मूड अच्छा कर देती है।

# ऐसे तो क्वाड से कुछ हासिल नहीं

अजीत द्विवेदी

हिंद-प्रशांत के चार बड़े लोकतांत्रिक देशों के समूह क्वाड के नेता जापान में मिल रहे हैं। क्वाड के नेताओं की यह पहली च्इन-पर्सनज् मुलाकात है। पांच साल पहले इसके गठन के बाद से दो बार इसके नेताओं का वर्चुअल सम्मेलन हुआ है लेकिन पहली बार चारों नेता आमने-सामने मिल रहे हैं। क्वाड यानी च्क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉगज् या च्क्वाड्रिलेटरल इनीशिएटिवज् का सुझाव देने वाले शिंजो आबे अब जापान के प्रधानमंत्री नहीं हैं। उनकी जगह प्रधानमंत्री बने फुमियो किशिदा पहले च्इन-पर्सनज् क्वाड सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। आबे ने सबसे पहले 2016 में इस तरह के एक समूह के गठन का सुझाव दिया था। वे चीन की विस्तारवादी नीतियों और हिंद-प्रशांत का सैन्यकरण करने के उसके प्रयासों से चिंतित थे। उनके प्रयास का नतीजा था कि जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने 2017 में एक समूह बनाया।

क्वाड का गठन एक बड़ी वैश्विक परिघटना थी और इसने सारी दुनिया का ध्यान खींचा था। यह माना गया था कि चार बड़े लोकतांत्रिक देश मिल कर चीन के विस्तारवाद पर लगाम लगाएंगे, हिंद-प्रशांत को चीन के सैन्य अड्डे में बदलने से रोकेंगे और इसे एक सुरक्षित क्षेत्र के रूप में स्थापित करेंगे। क्वाड के कई घोषित मकसद में से मुख्य मकसद हिंद-प्रशांत को सुरक्षित क्षेत्र बनाना है। सवाल है कि क्या पिछले पांच साल में क्वाड अपने इस मकसद में कामयाब हुआ है? या कोई ऐसी ठोस पहल हुई है, जिससे लगे कि चारों देश इस दिशा में आगे बढ़े हैं? अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि औपचारिक वर्चुअल मुलाकातों और बातों के अलावा क्वाड अभी तक अपने किसी मकसद को नहीं हासिल कर पाया है। उलटे पिछले पांच साल के इसके कामकाज से चीन के विदेश मंत्री वांग यी की कही यह बात ज्यादा साकार हुई है कि यह च्सुर्खियां बटोरने वाला आइडिया है और यह उसी तरह गायब हो जाएगा, जैसे हिंद या प्रशांत महासागर में उठने वाली झाग खत्म हो जाती हैज्।



वांग यी का बयान हो या चीन का आचरण हो, उससे प्रत्यक्ष रूप से यह नहीं लगा कि वह क्वाड से परेशान है। हो सकता है कि अंदर अंदर उसे इसकी चिंता हो और वह इससे निपटने के उपाय भी कर रहा हो लेकिन ऐसा उसने जाहिर नहीं होने दिया। हिंद-प्रशांत के चार बड़े देशों की पहल के बावजूद उसका आश्वस्त होना सिर्फ इस कारण से है कि ये चारों देश कारोबार के लिए चीन पर निर्भर हैं। चीन के साथ भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका का कारोबार कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इन चार देशों के साथ चीन का ट्रेड सरप्लस सालाना करीब सात सौ अरब डॉलर का है। यानी ये चार देश मिल कर चीन को जितना निर्यात करते हैं उससे सात सौ अरब डॉलर ज्यादा का आयात करते हैं। यह चीन की असली आर्थिक ताकत है, जिसके दम पर वह हिंद-प्रशांत में भी और दूसरे क्षेत्रों में भी अपना सैन्य विस्तार कर रहा है। इसमें अकेले अमेरिका के साथ उसका ट्रेड सरप्लस चार सौ अरब डॉलर का है। चीन के कुल ट्रेड सरप्लस में करीब 60 फीसदी हिस्सा अकेले अमेरिका का है। भारत के साथ भी उसकी सालाना कारोबार अधिकता बढ़ कर 80 अरब डॉलर हो गई है।

चीन की विस्तारवादी नीतियों का सबसे बड़ा और पहला शिकार भारत है। उसने मध्य एशिया के देशों से अपना सीमा विवाद निपटा लिया है और पूर्वी व दक्षिण पूर्वी एशिया में उसका विवाद ज्यादातर समुद्री सीमा को लेकर है। दक्षिण एशिया में भारत अकेला देश है, जिसकी सीमा चीन खा रहा है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले आठ साल में चुमार से लेकर डोकलाम और अब पूर्वी लद्दाख में चीन ने सीमा विवाद और सैन्य टकराव बढ़ाया है। इसके बावजूद चीन के ऊपर भारत कोई आर्थिक दबाव नहीं डाल पाया है। पूर्वी लद्दाख में दो साल से चल रहे सीमा विवाद और गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बावजूद चीन के साथ भारत का कारोबार बढ़ता जा रहा है। अब तक के इतिहास में पहली बार भारत ने चीन के साथ एक सौ अरब डॉलर से ज्यादा का कारोबार किया है। सोचें, एक तरफ चीन का सैनिक विस्तारवाद है और उसे रोकने के लिए क्वाड पहल है तो दूसरी ओर चीन के साथ कारोबार का विस्तार है। जाहिर है भारत का नेतृत्व मुहंजबानी जो पहल करे लेकिन हकीकत में वह वास्तविक खतरे से मुंह मोड़े हुए है। जब तक भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका चारों देश चीन के ऊपर आर्थिक दबाव नहीं डालेंगे, तब तक उसके सैन्य विस्तार को रोकना नामुमकिन होगा।

कम से कम अभी तो इसकी संभावना नहीं दिख रही है कि अमेरिका या भारत कोई आर्थिक दबाव देंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तो चीन को राहत देनी ही शुरू कर दी है। चीन ने अमेरिका के साथ हुए कारोबार समझौते के पहले चरण की शर्तों को 2020 की तय समय सीमा तक पूरा नहीं किया, इसके बावजूद बाइडेन प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई। उलटे चीन की बड़ी तकनीकी कंपनी हुआवे के संस्थापक की बेटी को फ्रॉड के आरोपों से मुक्त कर दिया। कोरोना की उत्पत्ति और उसके प्रसार में चीन की घोषित भूमिका होने के बावजूद अमेरिका ने उस पर दबाव नहीं बनाया। आने वाले दिनों में चीन के साथ अमेरिका के कारोबार में कमी आने की बजाय बढ़ोतरी हो तो हैरानी नहीं होगी क्योंकि अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि ने चीन से आयातित 352 वस्तुओं पर शुल्क से छूट फिर से बहाल कर दी है। पिछले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन वस्तुओं पर शुल्क लगाया था, जिसे बाइडेन प्रशासन ने खत्म कर दिया है। इसके अलावा बाइडेन प्रशासन चीन से आयातित असैन्य वस्तुओं पर शुल्क में और छूट देने की तैयारी कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि बाइडेन प्रशासन इस प्रयास में है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में चीन किसी तरह से रूस से दूरी बनाए। चीन को रूस से दूर रखने के लिए अमेरिका उसके साथ कारोबार भी बढ़ा रहा है और उसे रियायत भी दे रहा है।

क्वाड का एक मकसद इस समूह के चार देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने का भी था। लेकिन इसके उलट चीन के साथ ही कारोबार बढ़ रहा है। अमेरिका ने भारत और दूसरे देशों के साथ कारोबार बढ़ाने या अपने बाजार तक इन देशों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कोई पहल नहीं की है। तभी क्वाड की सफलता पर संदेह किया जाने लगा है। अगर ये चारों देश मिल कर स्पष्ट और ठोस एजेंडा तय नहीं करते हैं और उस पर अमल नहीं करते हैं तो इससे कुछ भी हासिल नहीं होगा। चीन के सैन्य विस्तार को रोकना क्वाड के देशों की सदिच्छा है लेकिन यह सदिच्छा तभी पूरी होगी, जब ठोस आर्थिक व सामरिक पहल होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि टोक्यो में जब चारों देशों के नेता आमने-सामने बैठेंगे तो वे अपना आर्थिक व सामरिक सहयोग बढ़ाने के ठोस प्रस्ताव पर विचार करेंगे। साथ ही चीन के साथ कारोबार घटाने और उस पर आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति पर भी चर्चा करेंगे।

## सू- दोकू क्र.089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# चीन की टक्कर में नया पैंतरा

वेद प्रताप वैदिक

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दक्षिण-पूर्व एशिया के 12 देशों को अपने साथ जोडक़र एक नया आर्थिक संगठन खड़ा किया है, जिसका नाम है, च्भारत-प्रशांत आर्थिक मंच (आईपीईएफ) तोक्यो में बना यह 13 देशों का संगठन बाइडन ने जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ घोषित किया है। वास्तव में यह उस विशाल क्षेत्रीय आर्थिक भागीदारी संगठन (आरसीईपी) का जवाब है, जिसका नेता चीन है। उस 16 राष्ट्रों के संगठन से भारत ने नाता तोड़ा हुआ है। इसके सदस्य और इस नए संगठन के कई सदस्य एक-जैसे हैं।




जाहिर है कि अमेरिका और चीन की प्रतिस्पर्धा इतनी तगड़ी है कि अब चीन द्वारा संचालित संगठन अपने आप कमजोर पढ़ जाएगा। बाइडन ने यह पहल भी इसीलिए की है। इस क्षेत्र के राष्ट्रों को जोडऩे वाले ट्रांस पेसिफिक्क पार्टनरशिप संगठन (टीपीपी) से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना हाथ खींच लिया था, क्योंकि अमेरिका की बिगड़ती हुई आर्थिक स्थिति में इन सदस्य राष्ट्रों के साथ मुक्त-व्यापार उसके लिए लाभकर नहीं था।

अब इस नए संगठन के राष्ट्रों के बीच फिलहाल कोई मुक्त-व्यापार का समझौता नहीं हो रहा है लेकिन ये 13 ही राष्ट्र आपस में मिलकर डिजिटल अर्थ-व्यवस्था, विश्वसनीय सप्लाय श्रृंखला, स्वच्छ आर्थिक विकास, भ्रष्टाचार मुक्त उद्योग आदि पर विशेष ध्यान देंगे। ये लक्ष्य अपने आप में काफी ऊँचे हैं। इन्हें प्राप्त करना आसान नहीं है लेकिन इनके पीछे असली इरादा यही है कि इस क्षेत्र के राष्ट्रों की अर्थ-व्यवस्थाओं को चीन ने जो जकड़ रखा है, उससे छुटकारा दिलाया जाए। बाइडन प्रशासन को अपने इस लक्ष्य में कहां तक सफलता मिलेगी, यह इस पर निर्भर करेगा कि वह इन सदस्य-राष्ट्रों को कितनी छूट देगा।

बाइडन-प्रशासन पहले से ही काफी दिक्कत में है। अमेरिका में मंहगाई और बेरोजगारी ने उसकी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर दिया है और बाइडन प्रशासन की लोकप्रियता पर भी इसका असर पड़ा है। ऐसी हालत में वह इन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के साथ कितनी रियायत कर पाएगा, इसका अंदाज लगाया जा सकता है। अमेरिका को यह बात तो अच्छी तरह समझ में आ गई है कि शीतयुद्ध काल का वह जमाना अब लद गया है, जब सीटो और सेंटो जैसे सैन्य-संगठन बनाए जाते थे।

उसने चीन से सीखा है कि अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए आर्थिक अस्त्र ही सबसे ज्यादा कारगर है लेकिन अमेरिका की समस्या यह है कि वह लोकतांत्रिक देश है, जहां विपक्ष और लोकतंत्र दोनों ही सबल और मुखर हैं जबकि चीन में पार्टी की तानाशाही है और लोकमत नामक कोई चीज़ वहां नहीं है। जो भी हो, इन दोनों महाशक्तियों की प्रतिद्वंद्विता में भारत को तो अपना राष्ट्रहित साधना है।

इसीलिए उसने बार-बार ऐसे बयान दिए हैं, जिनसे स्पष्ट हो जाता है कि भारत किसी (चीन) के विरुद्ध नहीं है। वह तो केवल आर्थिक सहकार में अमेरिका का साथी है। चीन से विवाद के बावजूद उसका आपसी व्यापार बढ़ता ही जा रहा है। इस नए संगठन के जरिए उसका व्यापार बढ़े, न बढ़े लेकिन इसके सदस्य-राष्ट्रों के साथ भारत का आपसी व्यापार और आर्थिक सहयोग निरंतर बढ़ता ही जा रहा है।

# लाखों की चरस सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

टिहरी। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर शाम लाखों की चरस सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जिले के स्कूलों में छात्र-छात्राओं को चरस की डिलीवरी किया करता था।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना लम्बगांव पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को रतलधार उत्तरकाशी की तरफ से एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब कार चालक को रोक कर कार की तलाशी ली तो उसमें रखी 1 किलो 230 ग्राम चरस बरामद हुई। थाने लाकर की गयी पूछताछ में कार चालक द्वारा अपना नाम द्वारिका प्रसाद पुत्र स्व. बनवारी लाल निवासी ग्राम अमोली पट्टी बारजूला थाना कीर्तिनगर बताया। बताया कि मैं उत्तरकाशी से चरस लाकर श्रीनगर में छोटी-छोटी मात्रा में कॉलेज के बच्चों को बेचता हूं जिससे मुझे काफी फायदा हो जाता है। बरामद की गयी चरस की अन्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक लाख 23 हजार रूपये बतायी जा रही है। बहरहाल पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महिपाल सिह रावत, उ.नि. कुँवर राम आर्य, कानि. मुकेश चमोली व सुनील बडथ्वाल शामिल रहे।



# त्रिस्तरीय पंचायत के सदस्यों व उनके परिजनों को बुस्टर डोज लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उपजिलाधिकारी मुनस्यारी के माध्यम से ज्ञापन भेजकर त्रिस्तरीय पंचायत के सदस्यों को परिजनों के साथ कोविड का बुस्टर डोज लगाएं जाने की मांग की।

मर्तोलिया ने कहा कि कोविड के समय पंचायत प्रतिनिधि फ्रंटलाइन वर्करों की तरह कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि कोविड की दो डोज लगाने में पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष मौका मिला।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के समय पंचायत प्रतिनिधियों के समर्पण को देखते हुए सरकार को तत्काल प्रभाव से बुस्टर डोज लगाने के लिए आदेश जारी करना चाहिए। मर्तोलिया ने कि आगे आने वाले समय में इस तरह की स्थिति पैदा होती है तो कोविड के समय के फ्रंटलाइन वर्करों को बुस्टर डोज लगाकर जिस तरह से सुरक्षित किया जा रहा है। उससे पंचायत प्रतिनिधियों को वंचित रखने पर गहरी नाराजगी जताई।

# मारपीट में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोथरोवाला निवासी प्रदीप रावत ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नौका बस स्टैण्ड के पास घुघुती सर्विस के नाम से पेण्ट की दुकान है। वह रोज की तरह रात्री 8 बजे लगभग अपनी दुकान बन्द करके जा रहा था तो उसकी दुकान के बाहर दो व्यक्ति जिनका नाम गप्पू थापा उर्फ कृष्णा गुरुंग व दुसरे का नाम लव ठकूरी जोशी उर्फ लब्बू बैठे शराब पी रहे थे तो उसने उन्हे कहा की तुम यहा से उठ कर अपने घर में जाकर शराब पीयो तो उनमे से गप्पू उठा और उसकी दुकान की सीढी पर शटर के सामने पेशाब करने लगा उसने उसे ऐसा करने से मना किया तो उसने उसके साथ गाली गलौच तथा मार पिटाई करने लगा दूसरा भी उठ कर उसके साथ मार पीटाई करने लगा तभी वहां पर इनका दोस्त शालू थापा भी आ गया वो भी उसके साथ मार पिटाई करने लगा। उसके चिल्लाने पर आसपास के लोग वहां पर पहुचे तो तीनों उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# डीएम व एसएसपी ने किया चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

नगर संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी डा0 आर राजेश कुमार व डीआईजी/एसएसपी जन्मेजय खंडूडी ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।



आज यहां जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार एवं डीआईजी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खंडूरी ने ऋषिकेश में चारधाम यात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बस स्टैंड पर वाटर कूलर बढ़ाई जाने के साथ ही मोबाइल टॉयलेट लगाने के निर्देश साथ ही नगर निगम ऋषिकेश के अधि कारियों को बस स्टैंड पर सफाई व्यवस्था हेतु और कार्मिक बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ने नटराज चौक पर यात्रियों के ठहरने हेतु बनाए गए यात्री विश्राम गृह का निरीक्षण किया इस दौरान जिलाधिकारी ने यात्रियों को पेयजल भी वितरित किया। जिलाधिकारी एवं डीआईजी/एसएसपी धर्मशाला, सहित टोकन वितरित करने हेतु बनाए गए स्थल भरत मंदिर इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की समस्याओं को सुना तथा यात्रियों को जल्द रजिस्ट्रेशन कर यात्रा हेतु रवाना करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने राजकीय चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तथा वहां परिसर में ठहराए गए यात्रियों से भी बात की उन्होंने यात्रियों की समस्या को निस्तारण हेतु उप जिलाधि कारी ऋषिकेश सहित संबंधित अधि कारियों को निर्देश दिए।

# गोमती में डूबने से दो नाबालिगों की मौत

हमारे संवाददाता

बागेश्वर। गोमती नदी में नहाने गये दो नाबालिगों की डूबने से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर किसी तरह स्थानीय लोगों ने दोनों के शवों को बाहर निकाला और उन्हे पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीते रोज दोपहर को बागेश्वर जिले के फल्यांटी निवासी दो नाबालिग अपने दोस्तों के साथ कज्यूली नामक स्थान पर गोमती नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों नाबालिक गोमती नदी में डूब गए। दो नाबालिगों के नदी में डूबने की सूचना पर ग्रामीणों ने नदी में कूदकर दोनों को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि एक नाबालिग इंटरमीडियट का छात्र था तथा दूसरा परिजनों के साथ छुट्टियों में आया था। उसके घर में आज पूजा का आयोजन होना था।

# धार्मिक स्थलों के पास से हटायी जाये मांस की दुकानें: वाहिनी

संवाददाता

देहरादून। देवभूमि भैरव वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि धार्मिक स्थलों से 101 मीटर की दूरी पर स्थित मांस की दुकाने व मांस परोसने वाले रेस्टोरेंटों का प्रतिबंधित किया जाये।

आज यहां देवभूमि भैरव वाहिनी के कार्यकर्ता नगर निगम में एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने नगर आयुक्त मनूज गोयल से मिले और उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षो से संगठन के द्वारा सनातनी आस्था के सभी मंदिरों 101 मीटर के दायरे में मांस की सभी प्रकार की दुकानें एवं रेस्टोरेंट प्रतिबंधित करवाने हेतु सनातनी जन भावनाओं को समझते हुए जनजागरण एवं आन्दोलन किया जा रहा है। जिसमें नगर निगम प्रशासन द्वारा नवरात्रि पर्व के पावन पर्व पर मन्दिर परिसर के आसपास की मांस की दुकानों को औपचारिकता मात्र के लिए अल्प समय के लिए बंद किया जाता है जिससे की हमारी धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम क्षेत्र के सभी पुंचायती मन्दिर परिसरों के 101 मीटर के दायरे में मांस की दुकान तथा मांस परोसने वाले रेस्टोरेंट को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किये जायें ताकि जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले अतितायी दमनकारी व्यक्तियों पर अंकुश लग सके। इसके साथ ही मांस की दुकानों पर हलाल व झटके का मीट मिलता है की सूचना बडे-बडे अक्षरों में अंकित की जाये ताकि मांस खरीदने वा ले स्वेच्छा से झटा या हलाल का मांस खरीद सके। ज्ञापन देने वालों में सरोज, कपिल तोमर, गोमती, अंजू चौरसिया आदि लोग शामिल थे।

# बदमाशों ने पुलिस पिकेट के सामने लूटा मोबाइल

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून में बदमाशों के हौंसले कितने बुलन्द हो चुके है इसकी बानगी कल देर शाम शहर के बीचोबीच घंटाघर क्षेत्र में सामने आयी है। यहां टप्पेबाजों द्वारा एक कार चालक से झगड़े का बहाना कर उसका मोबाइल लूट लिया गया। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी गयी है।

राजधानी देहरादून में सक्रिय लुटेरे व टप्पेबाज अब राह चलते लोगों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे है। इस क्रम में कल देर शाम शहर के सबसे व्यस्तम और मुख्य चौराहे पर टप्पेबाजों द्वारा रात आठ बजे के करीब एक कार चालक के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम वैभव बंसल नामक कार सवार एक व्यक्ति राजपुर रोड से चकराता रोड की तरफ जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वह घंटाघर के करीब पहुंचे तो इस दौरान दो युवक उनकी कार को रोककर उनसे झगड़ने लगे। जब उनमें से एक युवक वैभव बंसल से उलझ रहा था तभी उसका साथी डैशबोर्ड में रखा उनका मोबाइल लेकर चम्पत हो गया। जब तक वैभव बंसल को पता चलता तो टप्पेबाज का दूसरा साथी भी वहां से भाग खड़ा हुआ। शहर के व्यस्तम चौराहे पर अपने साथ हुई इस घटना से वैभव हतप्रभ रह गये और उन्होने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान पर बदमाशो द्वारा इस मोबाइल टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। उससे चंद कदमों की दूरी पर ही पुलिस पिकेट है जहां पर हर समय पुलिस मौजूद रहती है। इस घटना से पता चलता है कि राजधानी दून में अब बदमाशों के हौसंले कितने बुलंद हो चुके है।



## एक नजर

# लादेन को आदर्श मानने वाले पावर कॉर्पोरेशन के एसडीओ सस्पेंड

नई दिल्ली । आतंकी ओसामा बिन लादेन को आदर्श मानने वाले पावर कॉर्पोरेशन के एसडीओ नवाबगंज रविंद्र प्रकाश गौतम को सस्पेंड कर दिया गया है। आतंकी लादेन को अपना गुरु मानते हुए अधिकारी ने उसकी तस्वीर तक अपने कार्यालय में भी लगा रखी थी। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी ने कार्रवाई करते हुए अधिकारी को सस्पेंड कर दिया। मंगलवार को जब अधिकारी के दफ्तर में लगी लादेन की फोटो वायरल हुई तो हड़कंप मच गया। आतंकी की तस्वीर के साथ एसडीओ ने श्रद्धेय ओसामा बिन लादेन



विश्व का सर्वश्रेष्ठ अवर अभियंता भी लिखा हुआ है, और तस्वीर के नीचे उनका खुद का नाम भी लिखा था। तस्वीरें वायरल होने के बाद मामला जब शासन तक पहुंचा तो एसडीओ को सस्पेंड कर दिया गया। डीवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने बुधवार को यह कार्रवाई की है। इससे पहले प्रबंध निदेशक ने पूरे मामले की जानकारी के लिए अधीक्षण अभियंता को आगरा बुलाया। १० अगस्त २०२१ को मुख्य अभियंता कार्यालय कानपुर से फर्रुखाबाद आकर रविन्द्र ने एसडीओ नवाबगंज का कार्यभार संभाला था। एक विभागीय अफसर ने बताया कि उनके दफ्तर आने जाने का कोई समय तय नही है। विभागीय अफसरों से टकराव बना रहता है। इतना ही नहीं विभाग में उनकी छवि बात–बात पर झगड़ा करके एफआईआर की धमकी देने वाले व्यक्ति के रूप में है। ऐसे में उनके द्वारा ओसामा बिन लादेन का फोटो लगाना अन्य अधिकारियों के लिए हैरत की बात नहीं थी।

# शोपियां में एक वाहन में हुआ विस्फोट, 3 जवान हुए घायल


जम्मू। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के शोपियां जिले में गुरुवार को एक वाहन में जोरदार विस्फोट हुआ जिसमें तीन सैनिक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि विस्फोट के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, शोपियां के सिडोव में किराए पर लिए गए एक वाहन में विस्फोट हो गया, जिससे तीन सैनिक घायल हो गए। उन्हें



अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि, इस बात का पता लगाया जा रहा है कि विस्फोट ग्रेनेड से हुआ या वाहन के अंदर पहले से ही विस्फोटक रखा गया था या बैटरी में खराबी के चलते यह विस्फोट हुआ।

# अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' यूपी में हुई टैक्स फ्री

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पूरे कैबिनेट के साथियों के साथ गुरुवार को फिल्म सम्राट पृथ्वीराज देखा। लखनऊ स्थित लोक भवन में इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई, जहां पूरी कैबिनेट ने इस फिल्म को देखा। फिल्म देखे ने बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस राज्य



में ट्रैक्स फ्री करने का एलान कर दिया। पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर फिल्माई गई इस फिल्म को सीएम योगी समेत सभी मंत्री लोक भवन ऑडिटोरियम में देख रहे हैं। इस फिल्म में एक्टर अक्षय कुमार और एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने अभिनय किया है। जबकि डायरेक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में फिल्म बनी है। ये फिल्म 3 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म यूपी में ट्रैक्स फ्री रहेगी। इससे पहले सीएम योगी समेत पूरी कैबिनेट के फिल्म देखने पर अखिलेश यादव ने तंज कसा उन्होंने ट्वीट कर लिखा, ऐतिहासिक फिल्म देखने के बाद कैबिनेट से आग्रह है कि उप्र की वर्तमान हालत भी देखें। इतिहास के आटे से वर्तमान की रोटी नहीं बन सकती।ß इसके साथ ही अखिलेश यादव ने ट्वीट में एक फोटो शेयर की है जिसमें लिखा हुआ है कि सीएम योगी के साथ पूरी कैबिनेट फिल्म पृथ्वीराज देखेंगे। कुवैत और ओमान फिल्म बैन कर दिया गया है। फिल्म राजा पृथ्वीराज चौहान की कहानी को दर्शाएगी।

# सीएम धामी ने डॉ. नित्यानन्द हिमालयी शोध एवं अध्ययन केन्द्र का किया लोकार्पण



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को दून विश्वविद्यालय में डॉ. नित्यानन्द हिमालयी शोध एवं अध्ययन केन्द्र का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने दून विश्वविद्यालय में शोध एवं विज्ञान पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. नित्यानन्द जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उनका प्रयास रहता था, कि जनता के बीच जाकर जन समस्याएं सुनी जाएं और उसके बाद नीतियां बनाई जाएं। उनका मानना था कि विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक शोध कार्य हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। राज्य में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए ०५ सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। राज्य का संतुलित बजट बने इसके लिए हर क्षेत्र के विशेषज्ञों से संवाद स्थापित किया गया। जन सुझावों को ध्यान में रखते हुए राज्य का बजट बनाया जायेगा।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व में मान–सम्मान बढ़ा है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ा है। २०१४ के बाद से देश में नई कार्य संस्कृति आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। २०२५ तक उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का समग्र विकास हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इसके लिए योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के अधिकारियों को निदेश दिये गये हैं।

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि डॉ. नित्यानन्द ने समाज सेवा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया। उन्होंने संवेदनशीलता के आधार पर समाजसेवा करने की सीख दी। वे चाहते थे कि उत्तराखण्ड में विभिन्न विषयों पर शोध हो। आज डॉ. नित्यानन्द हिमालयी शोध एवं अध्ययन केन्द्र के लोकार्पण के अवसर पर शोध पर ही कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, यह एक सुखद क्षण है।

इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद तरूण विजय, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) के सचिव प्रो. संदीप वर्मा, प्रो. एस.पी.सिंह, प्रो. बानाकर, प्रो. मोनिका अग्रवाल, प्रो. दुर्गेश पंत, उत्तरांचल उत्थान परिषद के संरक्षक प्रेम बुड़ाकोटी, राम प्रकाश पैन्यूली, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, पूर्व कुलपति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वैज्ञानिक मौजूद थे।

## सेबी में बंधक जमीन के नाम पर ठगे 15 लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। सेबी में बंधक जमीन को अपना बताकर 15 लाख रूपये की ठगी करने वाले दम्पत्ति ने पीडित को जेल से जान से मारने की धमकी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्हैया विहार कारगी ग्रान्ट निवासी रियाज चौहान ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका परिचय मुकर्रम पुत्र शमशाद अंसारी निवासी–कारगी ग्रांट कन्हैया विहार, देहरादून से संजीव मलिक निवासी डिफेन्स कलोनी से कराया। उसको संजीव मलिक ने भूमि दिखायी, और मुकर्रम द्वारा उसको बताया गया कि उसके द्वारा संजीव मलिक एवं पूजा मलिक पत्नी संजीव मलिक उक्त भूमि उसकी कम्पनी एसपीके वर्ल्डकम प्रा0लि0 कार्यालय डिफेन्स कलोनी, जिसके डायरेक्टर संजीव मलिक व उसकी पत्नी श्रीमती पूजा मलिक को बताया तथा उपरोक्त भूमि का अपने को मालिक बताया गया। जिसके बाद उक्त भूमि को खरीदने के लिए उसने संजीव मलिक उसकी पत्नी पूजा व पुत्र पार्थ को 15 लाख रूपये दे दिये लेकिन रजिस्ट्री के लिए टालते रहे। इसी दौरान संजीव मलिक व उसके परिवार व मुकर्रम को एसटीएफ के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद उसको पता चला कि उक्त भूमि उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित स्पेशल कमेटी के जस्टिस विक्रमजीत सैन (सेवानिवृत्त) के आदेश पर सेबी द्वारा बंधक की गयी थी तथा उक्त लोगों द्वारा कूटरचित दस्तावेत तैयार कर उसके साथ धोखाधडी कर 15 लाख रूपये ठग लिये गये थे तथा अब जेल से उसको जान से मरवाने की धमकी दे रहे हैं।

# मैक्स खाई में गिरी, एक की मौत चार घायल

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक मैक्स वाहन के खाई में गिर जाने से जहां एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं चार अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से मृतक व घायलों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल



पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज सुबह एक मैक्स वाहन स्यालव से बड़कोट की तरफ जा रहा था। वाहन में वाहन में पांच लोग सवार थे। वाहन जब बड़कोट नगांण गांव के समीप पहुंचा तो चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन खाई में जा गिरा। वाहन के खाई में गिरते ही वहा हो हल्ला हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया। मौके पर पुलिस को एक मृतक और चार गम्भीर घायल मिले जिन्हे बाहर निकाला गया। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया है जहां उनका उपचार जारी है।

## भाजपा के आठ साल..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

धाम ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, दून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी योजनाओं से विकास के नए द्वार खुले हैं। उन्होंने केंद्र की वन रैंक वन पेंशन योजना और केदारनाथ के साथ-साथ धामों के पुनर्निर्माण की योजना को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि यह दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चंपावत का चुनाव परिणाम भी ऐतिहासिक होगा। भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीतेगी, उन्होंने कहा कि कल परिणाम आ जाएगा।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*